तेरे जलवो ने अपना बनाया सँवारे

प्यारी सूरत पे दिल मेरा आया सँवारे,
तेरे जलवो ने अपना बनाया सँवारे,
जद्दू तूने ये कैसा चलाया सँवारे ,
तेरे जलवो ने अपना बनाया सँवारे,

मोरछड़ी तेरी सब से न्यारी सब की बिगड़ी बनाने ये वाली,
विपदा जब भगतो पर आई श्याम तुमने दया है दिखाई,
जिसको भगतो पे तुमने घुमाया सँवारे,
प्यारी सूरत पे दिल मेरा आया सँवारे,

कौन न जाने तेरी लखदातारी सब पे किरपा हुई है तुम्हारी,
तुम को बाबा जब भी पुकारा तुम ने आकर दियां है सहारा ,
तूने पत्थर को पारस बनाया सँवारे
तेरे जलवो ने अपना बनाया सँवारे,

नरसी की तूने लाज बचाई तू ही बना था मीरा का सहाई,
श्याम धनि की किरपा निराली भरते झोली लौटते न खाली,
तेरी किरपा से सब मैंने पाया सँवारे,
तेरे जलवो ने अपना बनाया सँवारे,

Source: https://www.bharattemples.com/tere-jalwo-ne-apna-bnaaya-sanware/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw